1017
16/2/13

खण्ड-2

बिहार विधान मंडल पुस्तकालय
शोध/संदर्भ ग्रंथ

संख्या-17

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

**दिनांक : 21 जून, 1995 ई०**

खुदाई बाकी है, यदि हां, तो क्या सरकार शेष खुदाई का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

**श्री जगदानन्द सिंह :** महोदय, सुल्तानपुर लिंक चैनेल की कुल लम्बाई 25.00 आर० डी० है। उक्त लम्बाई में से 00.00 से 19.00 आर० डी० तक मिट्टी कार्य एवं दो अद्द एक पथीय पुल का कार्य पूरा किया जा चुका है। इस कार्य पर अबतक 72.46 लाख रुपया का व्यय हुआ है। 19.00 आर० डी० से 25.00 आर० डी० तक मिट्टी का कार्य शेष है जिस पर अनुमानतः 35 लाख रुपये का व्यय आयेगा। उक्त शेष कार्य को गंडक योजना फेज-2 के अंतर्गत कराने का प्रावधान है। गंडक फेज-2 योजना का पुनरीक्षित प्राक्कलन गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग तथा केन्द्रीय जल आयोग में जाँच के क्रम में है। उक्त योजना की स्वीकृति के अभाव में योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा इस योजना पर व्यय के लिये कोई राशि कर्णांकित नहीं की जा रही है। अतः योजना की स्वीकृति तथा निधि उपलब्धि के अनुसार यह कार्य कराना संभव हो पायेगा।

**श्री रामचन्द्र राय :** अध्यक्ष, महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूँ कि 6 आर० डी० कहा गया है बाकी मिट्टी का काम उतना नहीं है, बहुत कम है। आधा किलामीटर भी नहीं होगा। इसको माननीय मंत्री देख लेते तो अच्छा होता कि कितना अंश बाकी है।

**श्री जगदानन्द सिंह :** महोदय, ठीक है।

## निविदा निकालना

***1314. श्री मंसूर आलम :** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा सोमापुर ग्राम्य अभियंत्रण संगठन पथ को दो वर्ष

पूर्व पथ निर्माण विभाग अपने अधीन लेकर मरम्मत कराने हेतु 52 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है;

2. यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती हेतु निविदा निकालने की विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

**मो० इलियास हुसैन :** अध्यक्ष महोदय, खंड (1) वस्तुस्थिति यह है कि इस पथ की मरम्मती नहीं बल्कि सुधार हेतु 50.226 लाख रुपये का प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया गया है।

खंड (2) निविदा शीघ्र आमंत्रित की जायेगी।

**श्री मंसूर आलम :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूँ कि इस वित्तीय वर्ष में निधि उपलब्ध कराया जायेगा कि नहीं, इसकी जानकारी मैं चाहता हूँ।

**मो० इलियास हुसैन :** अध्यक्ष महोदय, निधि उपलब्ध करके ही हम निविदा करने जा रहे हैं।

## हेड वेयर से जोड़ना

***1315. श्री वागी कुमार वर्मा :** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड उदेरा स्थान सिंचाई योजना से हजारों एकड़ भूमि सिंचाई करने की व्यवस्था की गई थी;

2. क्या यह बात सही है कि उदेरा स्थान सिंचाई योजना के हेड वेयर से धराउत क्षेत्र की तरफ जो नहर निकलती है, उसका मुंह ऊँचा होने के